শর্মা হার্ডওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 12 | अंक : 260 | गुवाहाटी | सोमवार, 27 अप्रैल, 2026 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मेघालय और तमिलनाडु में जैव विविधता संरक्षण को केंद्र की पांच वर्षीय परियोजना पेज 2
गुवाहाटी सड़क हादसे में तीन युवतियों की मौत के बाद फरार चालक की तलाश जारी पेज 3
प्रदेश में संगठित श्रमिकों के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का... पेज 5
टेबल टेनिस : पंकज को एकल, तो भाग्यश्री को दहरा खिताब, मृदुल ने पूरी की हैट्रिक पेज 7

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*यही दुनिया है! यदि तुम किसी का उपकार करो, तो लोग उसे कोई महत्व नहीं देंगे, किंतु ज्यों ही तुम उस कार्य को बंद कर दो, वे तुरंत (ईश्वर न करे) तुम्हें बदमाश प्रमाणित करने में नहीं हिचकिचाएंगे।*

**– स्वामी विवेकानंद**

## बांग्लादेश से आने वाले हिंदू शरणार्थी हैं जबकि मुस्लिम घुसपैठिया : सीएम डॉ. शर्मा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। उससे पहले सियासी दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा की तरफ से उसके स्टार प्रचारक लगातार रैलियां और जनसभाएं कर मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा प्रचार-प्रसार में जुटे हैं, और इस दौरान लगातार उन पर अपने विवादित बयानों को लेकर धुव्रीकरण के आरोप लगते रहे हैं। हिमंत विश्व एक बार फिर अपने जहरीले बयानों को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, हिमंत विश्व शर्मा ने बांग्लादेश से आने वाले लोगों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदू और मुसलमानों को एक जैसा नहीं देखा जा सकता, बल्कि ये दो अलग-अलग समुदाय हैं। शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश से आने वाले हिंदू शरणार्थी हैं, जबकि मुसलमानों को घुसपैठिया माना जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान एक सभा में बोलते हुए अक्सर अपने जहरीले और मुस्लिम विरोधी बयानों के लिए मशहूर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जो हिंदू अत्याचार से बचकर भारत आते हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन कानून 2019 के तहत नागरिकता दी जाती है। वहीं, मुसलमानों को शर्मा ने अवैध घुसपैठिया बताते हुए उन्हें देश से बाहर भेजने की बात कही। हिमंत विश्व शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) पर भी जमकर निशाना साधा। हिंदू मुस्लिम एकता पर तंज कसते हुए हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह पार्टी यानी टीएमसी दोनों समुदायों को एक साथ रखकर लोगों में गलतफहमी फैला रही है। शर्मा के मुताबिक, दोनों समुदायों को एक साथ रखने का नजरिया सही नहीं है और इससे सच्चाई छिपाई जा रही है। अपने संबोधन में एक बार फिर हिमंत विश्व शर्मा ने -शेष पृष्ठ दो पर

### असम में 20 अवैध अप्रवासियों को वापस भेजा गया बांग्लादेश

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार (26 अप्रैल, 2026) को कहा कि असम में 20 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। अशिष्ट लोग नरम भाषा नहीं समझते। असम से घुसपैठियों को निकालते समय, जो वापस नहीं जाते, हम इस भविष्यवाणी को लगातार याद करते हैं। उदाहरण के लिए, ये 20 अवैध बांग्लादेशी जिन्हें कल रात वापस खदेड़ दिया गया, शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा। हालांकि, उन्होंने उस स्थान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जहां उन्हें पकड़ा गया था या उनकी राष्ट्रीयता के बारे में भी नहीं बताया। शर्मा ने जोर देकर कहा कि असम लड़ेगा, और उन्हें वापस धकेलने का सिलसिला जारी रहेगा। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबड़ी और दक्षिण सालमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं। श्रीभूमि जिले के सुतारकंडी में एक एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) स्थित है। पूर्वोत्तर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुल तीन एकीकृत चेक पोस्ट हैं, जिनमें से अन्य दो मेघालय के डाउकी और त्रिपुरा के अखौरा में स्थित हैं। इस क्षेत्र में एक और -शेष पृष्ठ दो पर

## रिनिकी भुइयां पासपोर्ट मामला : पवन खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार (26 अप्रैल) को गौहाटी उच्च न्यायालय के 24 अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसमें असम पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि और जालसाजी के मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला असम पुलिस ने खेड़ा के उन आरोपों के संबंध में दर्ज किया था कि हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। खेरा ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की। शुक्रवार को गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा की शिकायत पर खेड़ा के खिलाफ दर्ज मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति पार्थिवज्योति सैकिया ने पारित किया, जिन्होंने मंगलवार को दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उनकी याचिका खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि यह मामला जाली -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अपनी भूमिका को फिर से दोहराया



**गुवाहाटी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर पूर्वोत्तर भारत के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अपनी भूमिका को दोहराया है। उन्होंने इस क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने में लगातार अग्रणी भूमिका निभाई है। अपने बेहद लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम *मन की बात* के 133वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर भारत में बांस उद्योग की अपार संभावनाओं और उसके आर्थिक भविष्य पर प्रकाश डाला। असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय कि अटल बिहारी वाजपेयी भवन से जारी बयान अनुसार, असम के 39 संगठनात्मक जिलों के 433 मंडलों में फैले 30,000 से अधिक बूथों पर 30 लाख से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस प्रसारण को -शेष पृष्ठ दो पर

### अन्ना हजारे ने सख्त दलबदल विरोधी कानून की मांग



**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों के दल बदलने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोग अपने निजी स्वार्थ के आधार पर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। इसलिए, एक सख्त दलबदल विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा कि संविधान में कहीं भी पार्टियों और पक्षों का कोई जिक्र नहीं है। संविधान हमेशा समाज और राष्ट्र के कल्याण पर ही केंद्रित रहता है। आज समाज में विवाद और टकराव राजनीतिक पार्टियों की वजह से ही बढ़ रहे हैं। लोग अपने निजी स्वार्थ के आधार पर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। जहां उन्हें अपना फायदा दिखता है, वे वहीं चले जाते हैं। इसलिए, एक सख्त दलबदल विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कोई -शेष पृष्ठ दो पर

### व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में गोलीबारी, बाल बाल बचे ट्रंप



**वाशिंगटन (हि.स.)।** वाशिंगटन डीसी में शनिवार शाम अभेद्य किलेबंदी के बीच चल रहे व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान पर कार्यक्रम स्थल के बाहर गोलीबारी होने से हड़कंप मच गया। सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स कार्यक्रम स्थल से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को निकाल कर ले गए। ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस गोलीबारी में एक एजेंट घायल हो गया। डिनर का आयोजन वाशिंगटन हिल्टन होटल के बॉलरूम में किया गया था। सीबीएस न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी होते ही ट्रंप को वहां से तुरंत बाहर निकाला गया। इस वार्षिक मीडिया कार्यक्रम के शुरू होने से पहले ही राष्ट्रपति और प्रथम महिला -शेष पृष्ठ दो पर

*बंगाल में चुनाव आयोग की पुलिस अफसरों को चेतावनी*

## लापरवाही की तो सख्त विभागीय कार्रवाई करेंगे




**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने रविवार को कोलकाता पुलिस और दक्षिण 24 परगना पुलिस को सख्त चेतावनी दी। आयोग ने कहा कि मतदान के दिन डराने -धमकाने और विस्फोटकों के इस्तेमाल जैसे मामलों में लापरवाही पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होना है। दरअसल, ईसीआई के एक अधिकारी ने कोलकाता में समन्वय बैठक की। इस बैठक में कोलकाता पुलिस और दक्षिण 24 परगना पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## तिनसुकिया में पान की चोरी के दौरान भीड़ ने पुलिस पर किया हमला, पांच गिरफ्तार




**डूमडूमा।** तिनसुकिया जिले के डूमडूमा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत तलप में सुपारी की चोरी का एक सामान्य मामला उस समय तनावपूर्ण कानून-व्यवस्था की स्थिति में तब्दील हो गया जब भीड़ ने पुलिस चौकी को घेर लिया और कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया और झड़प के दौरान कई अधिकारियों को घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक मामला (संख्या 57/26) दर्ज किया गया है, जिसमें चोरी, चोरी की संपत्ति रखने और लोक सेवकों पर हमला करने से संबंधित आरोप शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम चोरी और उसके बाद हुई हिंसा दोनों को समान गंभीरता से ले रहे हैं और सख्त कानूनी कार्रवाई चल रही है। यह घटना तलप के कोप्रातुली निवासी की शिकायत के बाद घटी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 13 से 16 वर्ष की आयु के तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर पान चुराने का प्रयास कर रहे थे। आगे की जांच में चोरी का माल खरीदने के आरोपी एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया। इसके तुरंत बाद तनाव बढ़ गया, क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी चौकी पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध, महिला ने बैरिकेड पार कर की मंच पर चढ़ने की कोशिश



**हुगली (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के दौरान एक महिला ने बैरिकेड पार कर मंच तक पहुंचने की कोशिश की। मौके पर अफरा-तफरी मच गई, सुरक्षा कारणों से उसे मंच पर चढ़ने नहीं दिया गया और पुलिस ने उसे तुरंत वहां से हटा दिया। घटना रविवार को आरामबाग सांगठनिक जिले के हरिपाल में हुई, जहां प्रधानमंत्री सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला अचानक बैरिकेड पार कर मंच की ओर बढ़ने लगी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, महिला पार्टी की ही एक कार्यकर्ता बताई जा रही है। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि महिला प्रधानमंत्री के पास पहुंचने की जिद पर अड़ गई और जमीन पर लेटकर *जाने दो* की मांग करती रही। इसके बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, राहुल ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि चुनाव के बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई यह हत्या बेहद निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की जगह गुंडाराज -शेष पृष्ठ दो पर

## हावड़ा में सांसद रवि किशन के चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल व भाजपा में झड़प



**हावड़ा (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच उत्तर हावड़ा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में रविवार दोपहर अभिनेता व सांसद रवि किशन के प्रचार के दौरान तृणमूल कानर्यकर्ताओं ने *जय बांग्ला* के नारे लगाए। इससे भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कार्यकर्ताओं के बीच नारेबाजी के बाद स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों में झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। सूत्रों के अनुसार, दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रचार के अंतिम रविवार को उत्तर हावड़ा में भाजपा की ओर से एक रोड शो आयोजित किया गया था। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार उमेश राय के समर्थन में अभिनेता और भाजपा सांसद रवि किशन भी मौजूद थे। रैली जैसे ही लिलुआ के बी रोड इलाके से गुजरी, तनाव बढ़ गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इलाके में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यालय के पास इकट्ठा होकर जय बांग्ला के नारे लगाए, -शेष पृष्ठ दो पर

## अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन कर सराहना की




**नई दिल्ली (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के पहले चरण में 16 देशों के 32 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। इन देशों के प्रतिनिधियों ने देश की चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शी, व्यवस्थित और व्यापक चुनाव प्रणाली की सराहना की। चुनाव आयोग के अनुसार, इन प्रतिनिधियों ने 22 और 23 अप्रैल को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान मतदान केंद्रों, प्रेषण केंद्रों और निगरानी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र का वास्तविक उत्सव बताते हुए रिकॉर्ड मतदाता भागीदारी, सटीक योजना और सुचारु संचालन की प्रशंसा की। दौरे की शुरुआत में प्रतिनिधियों ने प्रेषण -शेष पृष्ठ दो पर

## रिकॉर्ड मतदान से होगा बदलाव, पीएम ने 29 को नई मिसाल कायम करने की अपील की



**हुगली (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के हरिपाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। ठाकुरनगर में पहली सभा के बाद मोदी हरिपाल पहुंचे, जहां राज्य भाजपा नेतृत्व ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राजा राम मोहन राय तथा रामकृष्ण परमहंस जैसे बंगाल के महान व्यक्तित्वों को याद किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मतदान का रिकॉर्ड टूटा है और 29 अप्रैल को होने वाले अगले चरण में इसे और आगे बढ़ाना चाहिए। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि नवान्न से सरकार नहीं चलती, बल्कि तृणमूल के गुंडे और मस्तान शासन चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया है, जिसके कारण लोगों को बार-बार अदालतों का रुख करना पड़ रहा है। शिक्षा घोटाले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल के मंत्रियों ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। -शेष पृष्ठ दो पर

## देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य : केंद्र



**नई दिल्ली (हि.स.)।** पश्चिम एशिया में जारी हालात के बीच केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने बताया कि 25 अप्रैल को देशभर में 51.8 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जबकि कहीं भी गैस एजेंसियों पर कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देश में एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल, डीजल और गैस की अनावश्यक खरीद से बचें और अफवाहों पर -शेष पृष्ठ दो पर





## बिहू समितियों को रात 12 बजे से पहले कार्यक्रम समाप्त करने का आह्वान

**गुवाहाटी ( हिंस )।** निशामनि हालोई की हुई दर्दनाक दुर्घटना के बाद बिहू सुरक्षा समिति ने राज्यभर की सभी बिहू समितियों से अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम रात 12 बजे से पहले समाप्त करने का आह्वान किया है। समिति ने कहा कि देर रात तक चलने वाले कार्यक्रमों के बाद दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए आयोजकों को अधिक सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। घटना के मद्देनजर समिति ने सभी बिहू आयोजकों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए समय सीमा का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। साथ ही बिहू सुरक्षा समिति ने प्रशासन से भी आवश्यक दिशा-निर्देश लागू करने और ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# गुवाहाटी सड़क हादसे में तीन युवतियों की मौत के बाद फरार चालक की तलाश जारी



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के मठघरिया इलाके में रविवार की तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवतियों की दर्दनाक मौत के बाद से फरार चालक की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने गुवाहाटी के मठघरिया स्थित गेट अस्पताल के समीप खड़े एक ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान ग्वालपाड़ा के कृष्णाई की पूजा साहा, चराईदेव के सापेखाटी की आकांक्षा सैकिया और आर्मिना अहमद उर्फ नेहा खान के रूप में हुई है। घटना के बाद रविवार को आकांक्षा सैकिया के पिता का भावुक बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि रात करीब 11 बजे उनकी बेटी से आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। उन्होंने कहा कि उसने बताया कि कमरे में बिजली नहीं है और मोबाइल में चार्ज भी कम है। हमने गुड नाइट कहा और सो गए। सुबह हादसे की सूचना मिलने पर परिवार तुरंत गुवाहाटी के लिए रवाना हुआ। पिता को सोने के लिए कहने के बाद आकांक्षा घर से क्यों निकली, यह अब भी रहस्य बना हुआ है। हादसे का पूरा दृश्य सीसीटीवी में कैद हो गया है, जिसमें दिख रहा है कि गाड़ी गीतानगर की ओर से तेज रफ्तार में आकर खड़े ट्रक से टकराती है। इधर, हादसे के बाद से कार का चालक फरार है। उसकी पहचान शमीम अहमद के रूप में हुई है, जो अगरतला का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, वाहन एक ट्रैवल एजेंसी से किराए पर लिया गया था। शमीम अहमद का मोबाइल फोन फिलहाल बंद है, जिससे उसकी तलाश में मुश्किल हो रही है। बताया जा रहा है कि वह नेहा खान का करीबी और पूजा साहा का सहपाठी था। पुलिस ने फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## दक्षिण कामरूप के सोनतली में पुलिस कार्रवाई, पांच अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** दक्षिण कामरूप जिले के सोनतली क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई गुवाहाटी के नूनमाटी थाने में दर्ज एक मामले के आधार पर की गई, जिसमें अपहृत व्यक्ति सानिदुल अली को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साजिद अली, हैदर अली, अबु जुबैर आकंद और राकिब अली के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। सभी आरोपियों को नूनमाटी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, सोनापुर निवासी सानिदुल अली को आरोपियों ने सोनतली बुलाकर उसका अपहरण कर लिया था और उसकी रिहाई के लिए एक लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। मामले में यह भी सामने आया है कि अपहरण की साजिश में पीड़ित का एक रिश्तेदार (बहनोई) भी शामिल था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक स्विफ्ट कार भी जब्त की है, जिसका उपयोग अपहरण की घटना में किया गया था। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## भावना शर्मा लापता मामले में नए खुलासे

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भावना शर्मा के लापता मामले में नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है और शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जालुकबाड़ी पुलिस की एक टीम ने भावना शर्मा के कथित प्रेमी निहारज्योति शर्मा के घर पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई मामले की जांच के तहत की गई। इसी के साथ पुलिस की एक अन्य टीम ने हाथीगांव स्थित एक आवास पर भी छापेमारी की, जिससे मामले की जांच का दायरा और विस्तृत किया गया है। इस बीच, निहारज्योति शर्मा के खिलाफ मानसिक उत्पीड़न करने के आरोप भी लगाए गए हैं। पुलिस इन आरोपों की भी गंभीरता से जांच कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह शिक्षक भावना शर्मा अपनी मां को *आई एम इन डेंजर* मैसेज देने के बाद उस समय लापता हो गई थी, जब वह अपने स्कूल जा रही थी। बाद में शनिवार की सुबह उसे शिलांग में पोलो ग्राउंड के समीप एक होटल के बाहर रोते हुए अवस्था में पाया गया। गुवाहाटी पुलिस शनिवार की शाम भावना शर्मा को शिलांग से लेकर गुवाहाटी पहुंची। फिलहाल उनसे पूछताछ जारी है।

# सिलचर में *बलिदानी मंगल पांडेय स्मृति पुरस्कार* समारोह आयोजित, 16 हस्तियां सम्मानित



**सिलचर ( हिंस )।** कछार जिला मुख्यालय शहर में आज बलिदानी मंगल पांडेय की पुण्यतिथि के अवसर पर सिलचर में आयोजित समारोह में बराक घाटी के 16 विशिष्ट व्यक्तियों को *बलिदानी मंगल पांडेय स्मृति पुरस्कार* से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बलिदानी मंगल पांडेय स्मृति न्यास, सिलचर द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत घुंघूर बायपास स्थित मंगल पांडेय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विमेंस कॉलेज, सिलचर के सभागार में मुख्य समारोह आयोजित हुआ, जहां अतिथियों का सम्मान, दीप प्रज्ज्वलन और औपचारिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में वक्ताओं ने मंगल पांडेय के अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर समाज, शिक्षा, साहित्य और सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 16 लोगों को सम्मानित किया गया। प्रमुख सम्मानितों में कृपा नारायण राय, सूर्य कुमार शर्मा, बिधान चंद्र भट्टाचार्य, मुरलीधर कानू, डॉ. सुजीत तिवारी, राजेंद्र पांडेय, शांतनु नायक, सुरेंद्र वैद, चंद्रमा प्रसाद कोईरी, पंडित सीताराम गोस्वामी, दिवाकर राय, विवेकानंद देव पुरकायस्थ, शुभंकर भट्टाचार्य और संजीव सिंह शामिल रहे। वहीं मरणोपरांत राजीव नोनिया और श्याम सुंदर दुसाध को भी सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों में आचार्य आनंद शास्त्री, न्यास के अध्यक्ष कमलेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी महावीर जैन, सीआरपीएफ के डीआईजी यूपी सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष शांतनु नायक, विमेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुजीत तिवारी, *प्रेरणा भारती* के प्रकाशक दिलीप कुमार, डॉ. अमित कलवार तथा सिलचर प्रेस क्लब के सचिव शंकर दे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नशामुक्ति केंद्र में जबरन गोमांस खिलाने का आरोप, छह कर्मचारी गिरफ्तार; पांच मरीज फरार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिले के गौरीपुर स्थित एक नशामुक्ति केंद्र में मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केंद्र के छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि निबारन रिहैब सेंटर के अधिकारियों ने इलाज के नाम पर मरीजों को जबरन गोमांस खाने के लिए मजबूर किया और उनके साथ शारीरिक अत्याचार तथा मानसिक उत्पीड़न किया। बताया गया है कि अत्याचार सहन न कर पाने के कारण पांच मरीज नशामुक्ति केंद्र से फरार हो गए, जिसके बाद यह मामला उजागर हुआ। पीड़ितों की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर गौरीपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच जारी है।

# मोरीकलोंग डकैती कांड का मास्टरमाइंड उमर अली गिरफ्तार



**नगांव ( हिंस )।** मोरिकलोंग में हुए डकैती कांड में नगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के मास्टरमाइंड उमर अली को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मिंटू हुसैन नामक एक अन्य आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, डॉ. रंजित सैकिया के घर में हुई डकैती के सिलसिले में चलाए गए अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने घर से लूटे गए नकद धन को भी बरामद किया है। हालांकि, इस घटना में शामिल अन्य तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। ज्ञात हो कि बीते 23 अप्रैल की रात को डकैतों के दल ने डॉक्टर दंपत्ति पर हमला कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। दोनों को गंभीर स्थिति में गुवाहाटी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि उमर अली एक आदतन अपराधी है और वह पहले भी कई डकैती मामलों में शामिल रह चुका है। वह नगांव जिले के रूपही क्षेत्र के बरघुली गांव का निवासी है। मामले की जांच जारी है।

## नशामुक्ति के खिलाफ धुबड़ी में मैराथन दौड़ कार्यक्रम आयोजित



**धुबड़ी ( विभास )।** धुबड़ी में आज 26 अप्रैल 2026 को नशे के खिलाफ मैराथन एक अभियान के तहत शहर के राजा प्रभात चंद्र गुरु अखिल मैदान से लेकर शहर के जीटीवी रोड से होते हुए चिला राय नर्सिंग रूम तक करीब 5 किलोमीटर पहले टीम उसके बाद दूसरा टीम राजा प्रभात चंद्र बरुवा खेल मैदान से लेकर शहर के मोदेर गोला तक करीब 21 किलोमीटर तक इसके बाद तीसरा टीम राजा प्रभात चंद्र बरुवा खेल मैदान से लेकर गौरीपुर शहर की गोई बाजार तक कुल मिलाकर जाने और आने को लेकर 42 किलोमीटर तक मैराथन जो की एक नशे के खिलाफ दौड़ लगाया जिसमें करीब 800 लोगों ने पार्टिसिपेट किया सूत्र से पता चला है कि भारतवर्ष के आने को लोगों ने भाग लिया जिसमें लोकल बच्चे और जवान के साथ साथ ओल्ड एज के लोगों ने भी भाग लिया।

## शिवस्थान पुलिस चौकी के भीतर सामूहिक हमला तीन लोग घायल

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले में एक चौंकाने वाली घटना में पुलिस पिकेट के भीतर ही तीन लोगों पर एक समूह द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि घायलों की पहचान दीपज्योति सैकिया, दीपांकर सैकिया और पवित्र सैकिया के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संदिग्ध लोगों के एक समूह ने लोहे के पाइप से तीनों पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हमला शिवस्थान पुलिस चौकी परिसर के भीतर ही हुआ, जिससे यह सवाल उठता है कि सुरक्षित क्षेत्र में इस तरह की घटना कैसे हुई। घटना के संबंध में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान अबू बक्कर हुसैन, इकरामुल हुसैन और मुक्सिदुल हक के रूप में हुई है।

# पूसीरे के आरपीएफ ने 29 लाख से अधिक मूल्य का गांजा किया जब्त

**गुवाहाटी ( हिंस )।** रेलवे के माध्यम से प्रतिबंधित पदार्थों के परिवहन के खिलाफ अपनी निरंतर अभियान को जारी रखते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अपने क्षेत्राधिकार में गांजा तस्करी को रोकने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। बीते 20 से 22 अप्रैल तक किए गए गहन जांच और अभियानों के दौरान, आरपीएफ टीमों ने पूसीरे क्षेत्राधिकार के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से लगभग 60 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत 29 लाख रुपए से अधिक है। इसके अतिरिक्त, गांजा की अवैध परिवहन में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी आउटपोस्ट को सौंप दिया गया। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को अगरतला की आरपीएफ टीम ने जीआरपी के साथ संयुक्त रूप से अगरतला रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से लगभग 6 किलो गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख है, जब्त किया। पकड़े गए व्यक्ति को जब्त मादक पदार्थ सहित जीआरपी/अगरतला आउटपोस्ट को सौंप दिया गया। इसी कड़ी में 21 अप्रैल को अन्य एक बड़ी कार्रवाई में, अगरतला के आरपीएफ टीम ने जीआरपी के साथ समन्वय में अगरतला रेलवे स्टेशन पर दो व्यक्तियों को पकड़ा और उनके कब्जे से लगभग 21.48 किलो गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 10.74 लाख है। पकड़े गए व्यक्तियों को जब्त गांजे सहित आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए जीआरपी/अगरतला आउटपोस्ट को सौंप दिया गया। जबकि, 20 अप्रैल को न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन के आरपीएफ कर्मियों ने नियमित तालशी और अभियान के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में भारी मात्रा में लावारिस गांजा बरामद किया। पहले मामले में करीब 9 लाख रुपए कीमत की लगभग 18 किलो गांजा बरामद किया गया; जबकि दूसरे मामले में लगभग 13.80 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 6.90 लाख है। दोनों ही मामलों में बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी आउटपोस्ट, न्यू जलपाईगुड़ी को सौंप दिया गया। मादक पदार्थों की तस्करी के लिए रेलवे परिसरों और ट्रेनों का दुरुपयोग रोकने हेतु पूसीरे की आरपीएफ लगातार विशेष अभियान, निगरानी और खुफिया आधारित कार्रवाई कर रही है। ये निरंतर प्रयास, अपने क्षेत्राधिकार में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाकर यात्रियों के लिए सुरक्षित और संरक्षित रेलवे वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति एनएफआर की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## अभामामस की रंगिया शाखा में नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया की प्रमुख स्वेच्छासेवी संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस) की रंगिया शाखा में रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित पंजाब मैजिस्ट्री होटल में हुए इस कार्यक्रम में शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल, सचिव संगीता सिकरिया और कोषाध्यक्ष सोनम सिकरिया (परोक्ष रूप से) ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजस्थानी थीम पर सजा इस भव्य आयोजन में सभी सदस्यों ने पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अलावा सभी ने स्वादिष्ट राजस्थानी व्यंजनों का आनंद लिया। निवर्तमान पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए पूर्व अध्यक्ष प्राची सिकरिया, पूर्व सचिव अरुणा अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष सुषमा सिकरिया सहित गुड्डी सिंघानिया और मोनिका अग्रवाल को उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। इसके अलावा सभी सदस्यों को उनकी भागीदारी के लिए उपहार भेंट किया गया।

## रंगिया ब्लॉक क्लब का 13वां वार्षिक *बसंत उत्सव* का भव्य आयोजन सात मई से



**रंगिया ( विभास )।** असमिया संस्कृति, परंपरा और जन-आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में पहचाने जाने वाले अग्रणी *रंगिया ब्लॉक क्लब* इस वर्ष भी अपने गौरवशाली इतिहास को दोहराने के लिए तैयार है। क्लब के तत्वावधान में आगामी 7 मई 2026 (बृहस्पतिवार) को एक दिवसीय भव्य रंगारंग कार्यक्रमों के साथ *त्रयोदश वार्षिक बसंत उत्सव* का आयोजन किया जाएगा। इसवर्ष यह यह उत्सव असम के चहेते कलाकार जुबिन गर्ग की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिसकी शुरुआत सुबह 8 बजे सफाई अभियान के साथ होगी, जिसका उद्घाटन रंगिया नगर पालिका के अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर करेंगे। इसके पश्चात सुबह 9 बजे उत्सव समिति के अध्यक्ष दिगंतो कलिता द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और कलाकार जुबिन गर्ग की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी और दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार सुबह 9-30 बजे क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन और उनका आशीर्वाद ग्रहण समारोह। सुबह 10-00 बजे आमंत्रित शिशु बिहू हुसोरी दल द्वारा मनमोहक प्रदर्शन। दोपहर 3 बजे जुबिन गर्ग के गीतों पर आधारित *बिहू नृत्य प्रतियोगिता* का आयोजन। शाम 6-00 बजे शुभचिंतकों और सहयोगियों का सम्मान समारोह। वहीं शाम 6-30 बजे से सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन होगा। मंच का उद्घाटन विशिष्ट व्यवसायी एवं समाजसेवक धनेश्वर कलिता करेंगे, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ रंगिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक भवेश कलिता के हाथों संपन्न होगा। इस शाम को यादगार बनाने के लिए कई नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, जिनमें मुख्य रूप से गौरांगो दत्त, नियर पोरोश, मिस मोमी, प्रिंस निहित, नील विकास, धियाना कौशिक और दीपशिखा बोरा शामिल हैं। साथ ही, स्थानीय महिला सदस्यों द्वारा सामूहिक संगीत और *वीर चिलाराय सांस्कृतिक समूह* द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं बिहू हुसोरी दल और स्थानीय कलाकारों द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## ग्वालपाड़ा के बालीजाना में भीषण आग, किराना दुकान जलकर राख

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** असम के ग्वालपाड़ा जिले के आगिया क्षेत्र अंतर्गत बालीजाना में भीषण अग्निकांड की जानकारी सामने आई है, जिसमें एक किराना दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस प्रवक्ता द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार, बालीजाना बाजार स्थित स्थानीय व्यवसायी प्रांजल दास की दुकान में बीती रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। अग्निशमन विभाग की टीम ने पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे फैलने से रोका।

## असम ने त्रिपुरा के खिलाफ सेकेंड नॉर्थ ईस्ट राइजिंग कप 2025 का खिताब जीता




**गुवाहाटी।** असम ने रविवार को गुवाहाटी के जजेस फील्ड में सेकेंड नॉर्थ ईस्ट राइजिंग कप 2026 (अंडर-15 गर्ल्स) के फाइनल में त्रिपुरा को वीजेडी मेथड से 11 रनों से हराकर जीत हासिल की। यह टूर्नामेंट, जिसकी मेजबानी असम क्रिकेट एसोसिएशन ने नॉर्थ ईस्ट के सभी क्रिकेट एसोसिएशनों के सहयोग से की थी- और जो नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और मजबूत करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा था- सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, असम ने 34.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 177 रनों का एक प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। असम की ओर से, अंकिता छेत्री ने सबसे ज्यादा 39 गेंदों में 40 रन बनाए, उनके बाद आराध्या दत्ता (51 गेंदों में 37 रन) और मुर्शाना बरुवा (24 गेंदों में 22 रन) का योगदान रहा। त्रिपुरा के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया; दीया सरकार ने 2/39 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि पूर्बा चौधरी (1/23) और रिद्धि नामा (1/29) ने महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं। जवाब में, त्रिपुरा ने 15 ओवरों में 51/2 रन बनाए थे, जिसमें सायंतिका सूत्रधार ने 48 गेंदों में 24 रन और क्रिस्टीना रेमा ने 20 गेंदों में 14 रन जोड़े। असम के लिए नौसिन अफरा अंजुम ने 1/27 का प्रदर्शन किया। हालांकि, बारिश के कारण खेल बाधित हो गया और आगे का खेल संभव नहीं हो सका। वीजेडी मेथड के अनुसार, त्रिपुरा के लिए 15 ओवरों में लक्ष्य 63 रन निर्धारित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप असम ने यह मैच 11 रनों से जीत लिया। समापन समारोह की शोभा मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीआई के मानद सचिव श्री देवजीत सैकिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और नॉर्थ ईस्ट राइजिंग कप के संयोजक एमकेजे मजूमदार ने बढ़ाई। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में असम क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सनातन दास, एसीए के उपाध्यक्ष रोमेन दत्ता, एसीए के संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह और एपेक्स काउंसिल के सदस्य मुकुतानंद भट्टाचार्य शामिल थे। इस कार्यक्रम में त्रिपुरा सीए के सचिव सुब्रत दे, मेघालय सीए के सचिव रेयोनल्ड खारकामनी और मणिपुर सीएम के सचिव लैरेनजम गीतरंजन सिंह भी उपस्थित रहे। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल और नॉर्थ ईस्ट राइजिंग कप के संयोजक एमकेजे मजूमदार ने बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया का, नॉर्थ ईस्ट राइजिंग कप की परिकल्पना और उसे साकार करने में उनके दृष्टिकोण और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र में प्रतिभा की पहचान और उसके विकास के लिए एक मजबूत मार्ग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड महिला क्रिकेट के विकास को लगातार प्राथमिकता दे रहा है और देश के सभी क्षेत्रों में इसके लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए समर्पित है।

# प्रदेश में संगठित श्रमिकों के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का होगा गठन : नायब सिंह सैनी

## श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ

**गुरुग्राम ( हिंस )।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भारतीय मजदूर संघ द्वारा ऑटो चालकों एवं ड्राइवरों के लिए श्रम कल्याण बोर्ड के गठन की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार संगठित श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन करेगी। इस बोर्ड के माध्यम से ऑटो चालक एवं ड्राइवरों को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा नियम लागू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसके तहत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि 15 जून तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक जागरुकता एवं सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा नियम लागू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसके तहत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि 15 जून तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसकी प्राप्ति में श्रमिक वर्ग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती श्रमिकों की मेहनत पर आधारित है। इसी के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने गत आठ अप्रैल को कोड ऑन वेजिज के प्रावधानों के तहत न्यूनतम बेसिक वेतन में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू की है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रदेश विकास के मामले में नई बुलंदियों को छू रहा है और इसका श्रेय मेहनतकश श्रमिकों को जाता है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के परिश्रम के बल पर ही हरियाणा देश के सबसे तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर श्रमिक कल्याण हेतु चलाई जा रही 29 योजनाओं के अंतर्गत 34 हजार 197 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 40 करोड़ रुपए की राशि भी ट्रांसफर की, जिससे श्रमिकों के जीवन स्तर को और सुदृढ़ किया जा सके। भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यमिता पर आधारित होती है अर्थव्यवस्था मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था चार प्रमुख स्तंभों-भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यमिता पर आधारित होती है। इनमें से श्रम सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि श्रमिकों की मेहनत ही विकास की गति को आगे बढ़ाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने ऐसी व्यवस्था विकसित की है, जिससे सभी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी और पारदर्शिता के साथ मिल सके, इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की गई। इस पोर्टल पर देश के असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों का पंजीकरण किया जा रहा है।

# एचसीएस परीक्षा के बायोमेट्रिक जांच में पकड़ा गया फर्जी अभ्यर्थी




**फरीदाबाद ( हिंस )।** एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। फरीदाबाद के सेक्टर 7सी स्थित परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक जांच के दौरान एक युवक को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया। पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी और असली अभ्यर्थी दोनों को हिरासत में ले लिया है। जिला प्रशासन के अनुसार, शहर में एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा के सुबह के पहले सत्र में केएल महता दयानन्द पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7सी में बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान यह युवक पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए युवक का नाम विशाल कुमार है, जो किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने पहुंचा था। असली अभ्यर्थी भी परीक्षा केंद्र के आसपास मौजूद था। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गडबड़ी नही होने दी जायेगी। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शहर में इस परीक्षा के लिए 80 सेंटर बनाए गए हैं। इन पर 22 हजार 776 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे है। हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम और जैमर की लगाया गया है। सेंटर के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू की गई है।

# गैंगस्टर गोदारा गैंग से जुड़े आरोपी चढ़े एजीटीएफ के हत्थे

**जयपुर ( हिंस )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) जयपुर ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करधनी इलाके से दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सुजानगढ़ फायरिंग मामले में वांछित कृष्ण सिंह (31) निवासी रतनगढ़ (चूरू) और कई गंभीर मामलों में फरार लक्ष्मण सिंह (34) निवासी नावां सिटी (डीडवाना-कुचामन) शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस, एजीटीएफ एवं एएनटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और पुलिस उप अधीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि कृष्ण सिंह वर्ष 2023 में चूरू के सुजानगढ़ स्थित जेडीजे ज्वैलर्स शोरूम में हुई फायरिंग की घटना में शामिल था और पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेन्द्र चारण के संपर्क में रहकर कारोबारियों को धमकाने व रंगदारी वसूली में शामिल था। वह परबतसर में हत्या के एक मामले में पहले जेल जा चुका है। वहीं दूसरा आरोपी लक्ष्मण सिंह भी आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास, चेन स्नेचिंग सहित 27 मामले दर्ज हैं। वह वैशाली नगर, मकराना और नावां सिटी थाना क्षेत्रों के मामलों में न्यायालय से फरार चल रहा था। एजीटीएफ टीम दोनों आरोपियों से गिरोह के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है, जिससे बड़े खुलासे होने की संभावना है। इस सफल ऑपरेशन का नेतृत्व प्लाटून कमांडर सोहन सिंह ने किया। टीम में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, होशियार सिंह, प्रवीण कुमार, जुगन सिंह, महावीर सिंह तथा कांस्टेबल मोहित महला, जगदीप, जितेन्द्र और सुरेन्द्र शामिल रहे। पुलिस ने इसे संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है।

# *ग्राम-2026* से किसान बनेगा सशक्त और खेती होगी आधुनिक : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी गांव के विकास का आधार है। वे जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं तथा ग्रामीणों के सपनों को पूरा करने में योगदान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में ग्राम विकास अधिकारी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुशासन से ही राजस्थान समृद्ध बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार प्रशासन का मूल मंत्र *नागरिक देवो भव* होना चाहिए। इसी कड़ी में ग्राम विकास अधिकारी आमजन की सेवा में दिन-रात समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बड़ी संख्या में लाभार्थी जनकल्याणकारी एवं आधारभूत विकास की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्मिकों की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है। इसके जरिये कार्मिक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पानी एवं बिजली



की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की हैं। पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि कर किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर वीबी जी राम जी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेयरी संबंधी कार्यों को प्रोत्साहन देने के साथ ही पशुपालकों के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। राजीविका के जरिये महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने के लिए आगामी 23 से 25 मई तक ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन करने जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी इस आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान प्रारंभ किया है, जिसमें विस्तृत रिपोर्ट बनाकर हर गांव और वार्ड के सर्वांगीण विकास का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान को नंबर वन स्टेट बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्राम विकास अधिकारी कैडर के हित में पदोन्नतियों में व्यवधान को दूर करने के साथ ही कैडर के सुदृढ़ीकरण की दिशा में वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी पद का सृजन भी किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समयबद्ध रूप से नियमित पदोन्नति देने एवं इसके पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए अनुभव में 2 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने ग्रेच्यूटी की सीमा भी 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में पदोन्नति और वेतनमान से जुड़े विषयों के अध्ययन के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया है, जो भविष्य में आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों पर भी विचार करेगी। राज्य सेवा के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे अधिकारी कर्मयोगी की भावना से रूल बेस्ड से रोल बेस्ड कार्यशैली की ओर अग्रसर होंगे।

# संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख *सिद्धहेमव्याकरण रत्न* विभूषण से सम्मानित



**जयपुर ( हिंस )।** संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख को *सिद्धहेमव्याकरण रत्न* विभूषण से सम्मानित किया गया। शिवगंज सिरोही निवासी ऋषभ पारेख का यह सम्मान शंखेश्वर जैनतीर्थ गुजरात में जैनाचार्य सिद्धहस्त लेखक विजय पूर्णचन्द्र सूरीश्वर महाराज और श्रुतरक्षा प्रेरक विजय युगचन्द्र सूरीश्वर के सानिध्य में श्रुततीर्थ के ट्रस्टी गौतमभाई सांखला और शिवगंज जैन संघ अध्यक्ष प्रवीण ने सुवर्ण मुद्रिका स्मृति चिह्न व 1 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया। बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय निदेशक ऋषभ नाहटा ने बधाई दी। साथ ही जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ के महामंत्री प्रकाशजी सीरोडीवाले, नाकोडातीर्थ जैन ज्ञानशाला के प्राचार्य नरेन्द्रकोरडिया, ऐन्टी टेररीस्ट फ्रंट के चेयरमेन मनिंदरजीत सिंह बिट्टा, जयनारायण मीणा, सुविख्यात रमेशभाई ओझा, संस्कृत भारती-गुजरात, हेमचन्द्राचार्य संस्कृत पाठशाला गुरुकुलम् साबरमती के डायरेक्टर जितेन्द्र शाह, ललित नाहटा-नई दिल्ही ने स्वहस्ताक्षर सह हार्दिक शुभकामना अभिनंदन पत्र भेंट कर पारेख का सन्मान किया। इस दौरान जैनाचार्य युगचन्द्र सूरि महाराज, ज्ञानदाता मूलशंकर ने संबोधित किया। संचालन कुणाल भाई ने किया।

# जयपुर में वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को रवीना टंडन करेंगी सम्मानित



**जयपुर ( हिंस )।** श्री कल्पतरु संस्थान के 31वें वार्षिक उत्सव के तहत 6 मई को शहर के होटल क्लार्क्स आमेर में वृक्ष मित्र सम्मान समारोह 2026 आयोजित होगा। दोपहर 2 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पद्मश्री रवीना टंडन सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेंगी। समारोह में चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि प्रदान की जाएगी। संस्थान के अनुसार देशभर से करीब एक हजार पर्यावरण कार्यकर्ता इस आयोजन में भाग लेंगे। ट्री मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विष्णु लाम्बा ने मुंबई में रवीना टंडन को औपचारिक आमंत्रण दिया तथा उनके हाथों कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करवाया। रवीना ने वीडियो संदेश जारी कर जयपुर आने की पुष्टि करते हुए संस्थान के कार्यों की सराहना की। संस्थान पिछले 31 वर्षों में एक करोड़ से अधिक पौधों का रोपण व संरक्षण कर चुका है। लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक 100 गांवों को पर्यावरणीय दृष्टि से आदर्श बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि संस्थान बिना किसी सरकारी अनुदान के देश के 22 राज्यों और 13 देशों में सक्रिय है तथा 150 से अधिक पर्यावरणीय अभियानों का संचालन कर रहा है।

# देवरिया पुलिस लाइन में 17 प्लाटूनों की पासिंग आउट परेड, 485 महिला रिक्रूट्स ने दिखाया कौशल

**देवरिया ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 485 महिला रिक्रूट कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड रविवार को गरिमामय और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल रहीं, जिन्होंने परेड की सलामी लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रिक्रूट्स को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने उनका स्वागत किया और परेड का निरीक्षण कराया। पासिंग आउट परेड में शामिल कुल 485 महिला रिक्रूट्स में 185 बहराइच, 123 महाराजगंज और 177 देवरिया जनपद की थीं। परेड का नेतृत्व फर्स्ट-इन-कमांड विभा तिवारी ने किया, जबकि सेकेंड-इन-कमांड शन्नो और थर्ड-इन-कमांड किरन यादव रहीं। परेड में कुल 17 प्लाटूनों ने हिस्सा लिया। सभी प्लाटूनों ने शानदार मार्च-पास्ट प्रस्तुत करते हुए अनुशासन, समर्पण और प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। प्लाटून कमांडरों ने अपनी-अपनी टुकड़ियों का कुशल नेतृत्व करते हुए कार्यक्रम को आकर्षक और प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम की मुख्य झलकियों में सभी प्लाटूनों का सुसंगठित मार्च-पास्ट प्रमुख रहा। महिला रिक्रूट्स ने कठिन प्रशिक्षण



के बाद अपने कौशल, आत्मविश्वास और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए रिक्रूट्स को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रिक्रूट्स को पुरस्कृत किया गया। शारीरिक प्रशिक्षण में सविता यादव, शस्त्र प्रशिक्षण में स्वाति सिंह, भीड़ नियंत्रण में अंकिता तिवारी और सर्वांग सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए रश्मि सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ललिता पाल, राधा सरोज, अस्मिता पांडेय और काजल वर्मा को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रशिक्षकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आईटीआई शशिकिरण कुशवाहा और पीटीआई मुकेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ बाह्य प्रशिक्षक तथा निरीक्षक अरविंद यादव को सर्वश्रेष्ठ अंत:विषय प्रशिक्षक का पुरस्कार दिया गया।

# पंजाब सरकार ने सुरक्षा वापस ली अब हरभजन सिंह भज्जी के साथ रहेंगे सीआरपीएफ के जवान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने वाले राज्य सभा सांसदों के विरूद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को पंजाब सरकार ने क्रिकेटर एवं राज्य सभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी को दी गई पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस ले ली। इसके कुछ समय बाद ही उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से सीआरपीएफ की सुरक्षा प्रदान कर दी गई। भज्जी से पहले पंजाब सरकार ने राघव चढ्ढा की सुरक्षा भी वापस ली थी। हरभजन सिंह को पंजाब सरकार की तरफ से बतौर राज्य सभा सांसद वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस होने के कुछ समय बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी। उनके घर के बाहर ये जवान तैनात कर दिए गए हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चढ्ढा ने गत दिवस हरभजन सिंह के भी आम छोड़ने का दावा किया था। भज्जी ने अभी तक खुलकर इस बारे में कुछ नहीं बोला है। इस बीच पंजाब से राज्य सभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने रविवार को एक चैनल से बातचीत में दावा किया कि उन्होंने कभी भी आम आदमी पार्टी को ज्वाइन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आम सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल ने उनसे इस्तीफा मांगा था लेकिन सलाहकारों से बातचीत के बाद उन्होंन इस्तीफा नहीं दिया। पंजाब इस समय आईसीयू में है। इसे बचाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग की जरूरत है। उधर चंडीगढ़ में पहुंचे आप के राज्य सभा सांसद संत बलवीर सिंह सीचेवाल ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि राघव चड्ढा ने आजाद ग्रुप बनाने की बात कहकर मुझे 16, 17 और 18 अप्रैल को चाय पर बुलाया था, लेकिन मैं वहां नहीं गया। मैंने उन्हें किसी तरह का आजाद ग्रुप बनाने या उसमें शामिल होने से मना कर दिया था।

# आंधी तूफान और बेमौसम बारिश ने मचाई भारी तबाही



**अररिया ( हिंस )।** अररिया के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बीती देर रात और रविवार दोपहर तेज आंधी तूफान के साथ बेमौसम बारिश ने भारी तबाही मचाई। ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी और तूफान के कारण दर्जनों घरों के छप्पर उजड़ गए और छत का टिन कई मीटर दूर जा गिरा। तेज हवाओं के कारण लोगों का घर पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए हैं, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ बारिश के कारण कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं सड़कों पर कीचड़ पसर जाने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बेमौसम बारिश के कारण किसानों को किसानी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। खासकर सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को। बेमौसम बारिश के कारण खेत में लगे मूंग, तिल, मूंगफली, भिंडी, लौकी, करेला, तोरई, खीरा जैसी सब्जी के फसल को काफी नुकसान हुआ। वहीं घरों के छप्पर उजड़ जाने के कारण खुले आसमान के नीचे लोग रहने को विवश हैं। बेलई पोठिया के किसान प्रो. कृष्णानंद ठाकुर का कहना है कि इस साल आम का फसल वैसे भी अन्य वर्षों की तुलना में कम पैदावार था, लेकिन तेज आंधी और तूफान के कारण पेड़ में लगे आम गिर गए हैं। जिसके कारण आम के उत्पादक किसानों को काफी नुकसान हुआ है। इसके अलावे सब्जी उत्पादक किसानों को भी काफी क्षति हुई है। खेत में फसल बर्बाद और रहने वाले घर का छप्पर बर्बाद, किसान और मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोगों का जीवन आंधी तूफान कहर बनकर आया है। मनीष पांडेय, राजन सिंह, रोबिन सिंह आदि ने भी बेमौसम आंधी तूफान के कारण फसल क्षति नुकसान होने की बात कही।

# मुरादाबाद : दूसरे दिन 5599 परीक्षार्थियों ने छोड़ी होमगार्ड लिखित भर्ती परीक्षा

**मुरादाबाद ( हिंस )।** मुरादाबाद जनपद में रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लगातार दूसरे दिन 28 परीक्षा केंद्रों पर पहली व दूसरी पाली की होमगार्ड लिखित परीक्षा हुई। जिसमें दोनों पालियों में 5599 परीक्षार्थियों ने होमगार्ड लिखित भर्ती परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में 2806 और दूसरी पाली में 2793 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा 27 अप्रैल को भी संपन्न होगी। पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में कुल 5702 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। मुरादाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार जनपद में होमगार्ड परीक्षा दूसरे दिन रविवार को 28 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में आज दोनों पालियों में 24, 864 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें पहली पारी में 12432 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 9626 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 2806 छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

# भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मना जानकी नवमी महोत्सव

**सुपौल ( हिंस )।** जिला मुख्यालय स्थित धतालदास राम-जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में दो दिवसीय मां जानकी नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का आयोजन *जानकी जन्मोत्सव* आयोजन समिति एवं आध्यात्मिक सत्संग समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम के रूप में संगीतमय अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया, जो संध्या में हवन के साथ समाप्त हो गया। महोत्सव के दौरान दो दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी की गया। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडली को आकर्षित किया। रंगोली प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। प्रथम अनन्या आर एस एम, द्वितीय प्रदीप प्रिया सेंट जेवियर्स एवं तृतीय स्थान साक्षी कुमारी सेंट जेवियर्स स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। रंगोली प्रतियोगिता के प्रभारी विनय



भगत ने अपने प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं निर्णायक के रूप में अरूण चौधरी ने अपनी निष्पक्षता से एक बेहतर निर्णायक की भूमिका अदा की। इधर दीपोत्सव प्रभारी सुजीत पाठक की अगुवाई में पूरे परिसर में हजारों दीपों को प्रज्ज्वलित किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे अधिक दीप महिला मोर्चा भाजपा की जिला उपाध्यक्ष रुबी जायसवाल द्वारा प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद समूचा परिसर तेज चमचमाती हुई रोशनी से जगमगा उठा, जो देखने में काफी मनमोहक लग रहा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीप जलाओ प्रतियोगिता की प्रभारी रूबी जायसवाल एवं सह प्रभारी योगमाया देवी का प्रयास काफी सराहनीय रहा। निर्णायक मंडली द्वारा दीप जलाओ प्रतियोगिता में भी प्रथम सौम्या शर्मा सेंट जेवियर्स, द्वितीय रूबी जायसवाल गृहिणी एवं तृतीय प्रतिज्ञा कुमारी सेंट जेवियर्स स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



# टेबल टेनिस : पंकज को एकल, तो भाग्यश्री को दोहरा खिताब; मृदुल ने पूरी की हैट्रिक

इंदौर

**इंदौर के अभय प्रशाल में टेबल टेनिस की गूंज और खिलाड़ियों का जोश देखते ही बनता था। जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित सत्र की पहली जिला रैंकिंग स्पर्धा का समापन खिलाड़ियों के बेहतरीन कौशल प्रदर्शन के साथ हुआ।**

टूर्नामेंट में पंकज विश्वकर्मा ने अपना दबदबा बनाते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता, तो वहीं भाग्यश्री दवे ने महिला और अंडर-19 वर्ग में दोहरे स्वर्ण के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालक अंडर-19 वर्ग में मृदुल पुरोहित ने खिताबी हैट्रिक पूरी कर दर्शकों का दिल जीत लिया। मृदुल इससे पहले बालक अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग के खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। स्पर्धा के निर्णायक मुकाबलों में पुरुष वर्ग में पंकज विश्वकर्मा ने अंश गोयल को 3-1 से मात दी। महिला वर्ग में भाग्यश्री दवे ने आरवी जैन को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। बालक अंडर-19 वर्ग में मृदुल पुरोहित और लक्ष्य भदौरिया के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें मृदुल ने 3-2 से बाजी मारी। बालिका वर्ग में भाग्यश्री दवे ने नेहल नाहर को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया। इसके पूर्व सेमीफाइनल में पंकज ने चैतन्य करोड़े को 4-1 से और अंश गोयल ने मृदुल पुरोहित को 4-1 से हराकर फाइनल की राह तय की थी। महिला वर्ग में भाग्यश्री दवे ने भूमिका साहूकर को 3-1 से और आरवी जैन ने राधिका भार्गव को 3-0 से शिकस्त दी थी। क्वार्टर फाइनल में भी अंश गोयल, चैतन्य करोड़े, पंकज विश्वकर्मा, राधिका भार्गव, भूमिका साहूकर और भाग्यश्री दवे ने अपने-अपने खेल से प्रभावित किया। स्पर्धा के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर नगर निगम महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया शामिल हुए। जबकि अध्यक्षता मप्र ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने की। मप्र टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, रिंकू आचार्य और जिला सचिव नीलेश वेद विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन प्रशांत व्यास ने किया और अंत में नवीन सोनी ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विदेशी खिलाड़ी आईपीएल को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बड़ा मानते हैं: मैथ्यू हेडन



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्पोर्ट्स लीग माना जाता है, जिसमें हर क्रिकेटर खेलना चाहता है। कई विदेशी खिलाड़ी तो आईपीएल में खेलने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास तक ले लेते हैं, क्योंकि अक्सर राष्ट्रीय बोर्ड उन्हें एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) देने में आनाकानी करते हैं। इस बीच, आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस (जीटी) के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि विदेशी खिलाड़ी आईपीएल को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से भी ज्यादा महत्वपूर्ण समझते हैं। मैथ्यू हेडन ने एक पाडकास्ट पर बात करते हुए बताया, अलग-अलग टीमों से बात करने पर मुझे लगता है कि विदेशी खिलाड़ी, खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी, हम (आस्ट्रेलियाई) कुछ हद तक, न्यूजीलैंड के खिलाड़ी, इस काम्पिटिशन को ऐसे दिखाते हैं जैसे यह इंटरनेशनल क्रिकेट से भी बड़ा हो। हेडन ने इस सोच के पीछे के कारणों को भी समझाया। उनका कहना है कि आईसीसी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर में आईपीएल के लिए एक विशेष विंडो दी हुई है, जिस दौरान बहुत कम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेली जाती है। हेडन ने बताया कि आईपीएल के बारे में बहुत अधिक प्रचार और हाइप है, और यह लगभग दो महीने तक पूरे देश पर हावी रहता है। उन्होंने कहा, आप देख सकते हैं कि वे ऐसा क्यों करते हैं क्योंकि इसके बारे में बहुत हाइप है। जब आप यहां आईपीएल में होते हैं, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप ब्राडकास्टिंग कर रहे हैं, या सिर्फ सड़कों पर एक आम व्यक्ति हैं, या हम अभी दूसरी तरफ हैं। यह पूरे आईपीएल के समय पर हावी हो जाता है। यह हर दिन सिर्फ क्रिकेट है। कभी-कभी तो दिन में दो बार भी। खुद मैथ्यू हेडन भी आईपीएल के शुरुआती सीजन का हिस्सा रहे थे। उन्होंने 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 12 मैचों में 572 रन बनाए थे, जो उनके आईपीएल करियर की बेहतरीन पारियों में से एक थी।

### महाराष्ट्र के मास्टर्स का दबदबा, दूसरे दिन जीते दो स्वर्ण पदक




पुणे/इंदौर। बालेवाड़ी इंडोर स्टेडियम, पुणे में खेली जा रही 32वीं मास्टर्स नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दिन महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरे स्वर्ण पर कब्जा जमाया। पुरुष 75+ और 70+ आयु वर्ग में महाराष्ट्र की टीम चैंपियन बनी, वहीं 80+ वर्ग के रोमांचक फाइनल में गुजरात ने बाजी मारी। महिलाओं के 60+ वर्ग में मध्य प्रदेश की टीम शीर्ष पर रही। पुरुषों के 75+ वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र ने चंडीगढ़ को 3-0 से करारी शिकस्त दी। पिनाकिन संपत ने शुरुआती मुकाबले में चंडीगढ़ के बलबीर सिंह विर्दी को संघर्षपूर्ण मैच में हराया। इसके बाद सतीश कुलकर्णी ने पतंजलि कुमार को सीधे गेमों में मात देकर बढ़त 2-0 कर दी। अंत में संपत और कुलकर्णी की जोड़ी ने डबल्स मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक महाराष्ट्र की झोली में डाल दिया। 70+ आयु वर्ग में भी महाराष्ट्र का दबदबा कायम रहा। फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र ने दिल्ली को 3-0 से पराजित किया। योगेश देसाई और शिवानंद कुंडाजे ने अपने-अपने एकल मैच आसानी से जीते।

### पूर्व कोच ने किया खुलासा : केकेआर ने क्यों छोड़ा कप्तान श्रेयस अय्यर को



नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा खिताब जीतने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज करने का फैसला लंबे समय से क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब टीम के पूर्व कोच चंद्रकांत पंडित ने इस निर्णय के पीछे की वजहों पर खुलकर बात की है। पंडित ने स्पष्ट किया है कि अय्यर को टीम से रिलीज करना किसी व्यक्तिगत कारण से नहीं लिया गया फैसला था। चंद्रकांत पंडित ने बताया, हम उनसे चूक गए। श्रेयस एक शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने कप्तान के तौर पर टीम को खिताब जिताया। लेकिन कई बार परिस्थितियां और टीम की रणनीति ऐसे फैसले लेने पर मजबूर कर देती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कोई जानबूझकर किया गया फैसला नहीं था, बल्कि चीजें टीम की उम्मीदों के मुताबिक नहीं चलीं। पंडित ने आगे कहा कि टीम चयन में कई पहलुओं को ध्यान में रखना पड़ता है, और कभी-कभी बड़े और कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं, जो बाहर से देखने पर अलग लगते हैं। उन्होंने फिल साल्ट जैसे अन्य खिलाड़ियों का भी उदाहरण दिया, जिन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई, जबकि वे भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। पंडित ने कहा कि टीम सभी खिलाड़ियों की सराहना करती है। केकेआर से रिलीज होने के बाद, पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा। उनकी कप्तानी में टीम ने आईपीएल 2025 का फाइनल खेला और आईपीएल 2026 में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है।

# नाइट राइडर्स ने लास एंजिल्स में 21 मिलियन डालर के ओलंपिक क्रिकेट स्थल का शिलान्यास किया

लास एंजिल्स

**नाइट राइडर्स फ्रैंचाइज़ी ने लास एंजिल्स मेट्रो क्षेत्र में 21 मिलियन डालर की लागत से बनने वाले एक क्रिकेट सुविधा की आधारशिला रखी है। यह स्थल 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी के लिए प्रस्तावित है, जो एक सदी से भी अधिक समय के बाद खेल की खेलों में एकमात्र पिछली उपस्थिति होगी। यह परियोजना अमेरिका में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और वैश्विक स्तर पर खेल के विस्तार की आईसीसी की रणनीति का हिस्सा है।**



यह स्टेडियम पोमोना फेयरग्राउंड्स में बनाया जाएगा, जो डाउनटाउन लास एंजिल्स से लगभग 30 मील दूर है। यह भूमि पोमोना शहर के साथ एक दीर्घकालिक समझौते के तहत फ्रैंचाइज़ी को पट्टे पर दी गई है। नाइट राइडर्स मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में निवेश करने वाली पहली आईपीएल-संबद्ध फ्रैंचाइज़ी थी, जिसने मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसे समकक्षों से पहले पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश किया था। जबकि इन आईपीएल मालिकों ने तब से एमएलसी में हिस्सेदारी हासिल कर ली है, पोमोना परियोजना लीग में एक फ्रैंचाइज़ी द्वारा किए गए सबसे महत्वपूर्ण स्टैंडअलोन बुनियादी ढांचा निवेशों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है।

यह विकास संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। जबकि हाल के वर्षों में देश भर में कई टर्फ सुविधाएं सामने आई हैं, पोमोना स्थल एमएलसी की स्वामित्व संरचना के तहत दूसरा क्रिकेट-विशिष्ट स्टेडियम बन जाएगा, डलास क्षेत्र में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम के बाद। सह-मालिक शाहरुख खान ने कहा, आधारशिला रखने के बारे में नहीं है, बल्कि एक सपने की शुरुआत के बारे में है - क्रिकेट, दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल को, लास एंजिल्स की खेल पहचान के केंद्र में लाना। फेयरप्लेक्स के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य केवल एक क्रिकेट मैदान बनाना नहीं है, बल्कि ऊर्जा, समुदाय और अपनेपन का स्थान बनाना है। यह स्थल पहली बार पिछले महीने घोषित किया गया था, जिसमें जुलाई के शुरुआती सप्ताह के दौरान सात मैचों की मेजबानी करने की योजना की पुष्टि की गई थी। इस मैदान में आठ टर्फ पिचों के साथ एक बड़ा खेल का मैदान होगा। प्रारंभिक बैठने की क्षमता 5,000 निर्धारित की गई है, जिसमें 2027 तक इसे 12,000 तक बढ़ाने की योजना है, जो लास एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी के अनुरूप है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने कहा: ये क्रिकेट के खेल के लिए बहुत रोमांचक समय हैं क्योंकि यह खुद को एक वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने में बड़ी प्रगति कर रहा है। हमारा ध्यान क्रिकेट के पदचिह्न का विस्तार करने पर रहा है और ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बनना कुछ ऐसा है जो गर्व और सपनों दोनों को अपने साथ लाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह आधारशिला ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और दुनिया भर के सभी आईसीसी सदस्यों और हितधारकों के लिए गर्व का क्षण है। हमें विश्वास है कि यह स्थल खेलों के दौरान केंद्र मंच लेगा और संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के लिए एक विरासत छोड़ेगा।

# कार्लोस अल्काराज़ को बड़ा झटका : चोट के चलते फ्रेंच ओपन से बाहर



नई दिल्ली

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को एक बड़ा झटका लगा है। कलाई की चोट के कारण वे अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं, जिससे उनका लगातार तीसरा खिताब जीतने का सपना टूट गया है। यह चोट उन्हें पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिने हाथ की कलाई में लगी थी। प्रारंभिक जांच के बाद डाक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी, जिसके बाद उन्होंने न केवल फ्रेंच ओपन, बल्कि इटालियन ओपन से भी हटने का मुश्किल फैसला लिया है। दोनों ही टूर्नामेंट क्ले कोर्ट पर खेले जाते हैं, जो अल्काराज़ का पसंदीदा सर्फेस माना जाता है और जहां वे आमतौर पर शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अल्काराज़ ने इस दुखद खबर की पुष्टि की। उन्होंने लिखा, टेस्ट के बाद हमने सावधानी बरतने का फैसला किया है। इसलिए, जब तक हम मेरी स्थिति का पूरी तरह से आकलन नहीं कर लेते, मैं रोम और रोलां गैरोस में हिस्सा नहीं लूंगा। उन्होंने आगे कहा, यह मेरे लिए बेहद मुश्किल समय है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि मैं और अधिक मजबूती के साथ वापसी करूंगा। यह बयान उनकी निराशा और दृढ़ संकल्प दोनों को दर्शाता है, लेकिन प्रशंसकों के लिए यह खबर किसी झटके से कम नहीं है। 22 वर्षीय अल्काराज़ इस साल शानदार फार्म में थे। उन्होंने साल की शुरुआत आस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की थी, जिससे वे करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे। उनकी इस चोट ने उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर अस्थायी रूप से विराम लगा दिया है। हाल ही में उन्होंने विश्व नंबर-1 की रैंकिंग जैनिक सिनर से गंवा दी थी। अब लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने से उनकी रैंकिंग पर और असर पड़ने की आशंका है। जैनिक सिनर ने अल्काराज़ की चोट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, यह बहुत दुखद खबर है। इतनी कम उम्र में हमें अपने शरीर का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। उम्मीद है कि वे जल्द वापसी करेंगे और हम एक बार फिर शानदार मुकाबले देख पाएंगे। इस चोट से फ्रेंच ओपन की रौनक कुछ फीकी जरूर पड़ गई है, लेकिन टेनिस जगत को उनके शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद है।

## बांग्लादेश की नाहिदा और शर्मिन पर आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन का जुर्माना



नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को राजशाही में खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के अलग-अलग स्तर 1 के उल्लंघनों के लिए बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और शर्मिन सुल्ताना पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पाइंट भी मिला है, जो पिछले 24 महीनों में उनका पहला ऐसा अपराध है। यह घटनाएँ खेल भावना और क्रिकेट के सम्मान को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करती हैं। स्पिनर नाहिदा को श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू को 17वें ओवर में आउट करने के बाद एक एनिमेटेड सेंड-आफ देने के लिए दंडित किया गया था। इस तरह का व्यवहार अक्सर विपक्षी खिलाड़ी के प्रति असम्मानजनक माना जाता है और खेल की गरिमा के विरुद्ध होता है। दूसरी ओर, बल्लेबाज शर्मिन को बांग्लादेश की पारी के 16वें ओवर में एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के बाद अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए दंडित किया गया।

# केएल का ऐतिहासिक शतक : आईपीएल में सबसे बड़ी भारतीय पारी का रिकार्ड

नई दिल्ली

**आईपीएल 2026 के 35वें मुकाबले में शनिवार को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए कई रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। राहुल ने मात्र 67 गेंदों पर 16 चौकों और 9 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 152 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।**



उन्होंने यह उपलब्धि हासिल करते हुए अभिषेक शर्मा के पिछले साल के 141 रनों के रिकार्ड को तोड़ दिया। इतना ही नहीं, राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से भी आईपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने ऋषभ पंत के 2018 में बनाए गए 128 रनों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। राहुल की यह पारी आईपीएल इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी पारी है। उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (नाबाद 175) और न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैक्कुलम (नाबाद 158) ही 150 से अधिक रनों की पारी खेल पाए हैं, जिससे राहुल इस विशिष्ट सूची में शामिल होने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने अपनी इस शानदार पारी में नीतीश राणा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए मात्र 95 गेंदों में 220 रनों की एक यादगार साझेदारी निभाई। यह साझेदारी आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है, जिसने पंजाब किंग्स के गेंदबाजों को बेबस कर दिया और उन्हें कोई मौका नहीं दिया। नीतीश राणा भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 44 गेंदों में 11 चौकों और 4 छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 91 रनों की पारी खेलकर राहुल का बखूबी साथ दिया। राहुल और राणा के इस आक्रामक प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में केवल 2 विकेट खोकर 264 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का अब तक का सर्वोच्च स्कोर भी है, जिसने साल 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 4 विकेट पर 257 रनों के अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया। इस धमाकेदार प्रदर्शन ने दिल्ली को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है और आईपीएल के इतिहास में एक और शानदार रिकार्ड दर्ज हो गया है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

# ओलंपिक कोच रौनक पंडित की मेंटरशिप में इंदौर के छात्र सीखेंगे सटीक निशाना

इंदौर

**इंदौर के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का निशानेबाज बनाने के उद्देश्य से ओलंपिक कोच और कामनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट रौनक पंडित अब शहर में अपनी नई पारी की शुरुआत कर रहे हैं। चत्रभुज नरसी स्कूल (सीएनएस) इंदौर ने रौनक पंडित की प्रतिष्ठित मेंटरशिप में अपनी स्टेट-आफ-द-आर्ट पिस्टल शूटिंग एकेडमी का शुभारंभ किया है।**

**चत्रभुज नरसी स्कूल में अत्याधुनिक शूटिंग एकेडमी शुरू; कामनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट से गुरुमंत्र पाकर खिले युवा खिलाड़ी**

शनिवार को इस एकेडमी की शुरुआत दो दिवसीय पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता के साथ हुई, जहाँ शहर के उभरते निशानेबाजों को सीधे विश्व स्तरीय अनुभव से जुड़ने का मौका मिला।

एकेडमी के मेंटर रौनक पंडित ने शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों और पालकों के लिए आयोजित ओपन हाउस सेशन में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शूटिंग केवल प्रतियोगिता जीतने के बारे में नहीं है, बल्कि यह युवाओं में फोकस, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करने का एक सशक्त जरिया है। श्री पंडित ने कहा, इस शुरुआती उम्र में बच्चों को निशानेबाजी से जोड़ना उनके भीतर अनुशासन की नींव रखने जैसा है। मुझे खुशी है कि इंदौर में हम उन मूल्यों को साझा कर पा रहे हैं जो खेल के मैदान के साथ-साथ जीवन में भी काम आते हैं।



### ओलंपिक स्टैंडर्ड की सुविधाएं

स्कूल परिसर में स्थापित यह एकेडमी ओलंपिक-स्टैंडर्ड की 10-मीटर शूटिंग रेंज से लैस है। बीसीएम ग्रुप के सहयोग से शुरू हुई इस पहल के बारे में स्कूल के चेयरपर्सन सुजय जयराज और प्रिंसिपल डा. जेरिन जैकब ने बताया कि रौनक पंडित जैसे दिग्गज एथलीट का मार्गदर्शन मिलना विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

मुंबई और पुणे के बाद अब इंदौर में भी स्कूल एक ऐसा फ्यूचर-रेडी इकोसिस्टम तैयार कर रहा है, जहाँ शिक्षा और खेल के समन्वय से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। यह एकेडमी न केवल बेहतरीन शूटर तैयार करने का लक्ष्य रखती है, बल्कि छात्रों को मानसिक रूप से सुदृढ़ और नैतिक इंसान बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी।

# डायपर बदलते समय बरतें सावधानी



**नवजात** डायपर को जल्दी-जल्दी गीला करते हैं इसलिए इसको बार-बार बदलने की जरूरत पड़ती है। लेकिन छोटे बच्चों की त्वचा इतनी कोमल होती है कि उस पर किसी भी चीज से जल्द इंफेक्शन हो जाता है इसलिए डायपर बदलते समय बहुत सावधानी की जरूरत होती है। अगर छोटे बच्चे की त्वचा की देखभाल अच्छे ढंग से नहीं करेंगे तो उसकी त्वचा पर इंफेक्शन भी हो सकता हैं। नवजात के डायपर बदलते समय ध्यान इन बातों का ध्यान रखें।

- नवजात का डायपर बदलने के लिए सभी जरूरी चींजें और सामान अपने पास रख लीजिए जिससे आपको नवजात को छोड़कर बीच-बीच में कहीं जाना न पड़े।
- नवजात का डायपर बदलने के लिए सबसे पहले नवजात को प्लेन स्थान पर लिटाए। लेकिन ध्यान रखें कि जगह साफ हो।
- सफेद और हल्के कलर का डाइपर ही प्रयोग कीजिए, क्योंकि ज्यादा रंगीन डायपर नवजात के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



- डायपर पहनाते समय इसे पास ही रखें लेकिन बच्चे की पहुंच से दूर हो।
- उसके बाद नवजात के दोनों पैर ऊपर करें और एक हाथ से उसके गंदे डायपर को बाहर निकालें।
- नवजात की सफाई करते वक्त यह ध्यान रखें कि उसका सिर आगे से पीछे की तरफ हो।
- गंदा डायपर निकालने के बाद नवजात को कम से कम 10 मिनट तक वैसे ही रहने दीजिए, जिससे उसका शरीर पूरी तरह से सूख जाए।
- नवजात को साफ कॉटन या रूई और गर्म पानी से नमी वाले भाग को अच्छी तरह से साफ करें और पानी को पूरी तरह से सूखने दीजिए।
- डायपर बदलते समय बच्चे का ध्यान दूसरी बातों में लगाने की कोशिश करें।
- डायपर बदलते समय हमेशा अपना एक हाथ नवजात के पेट पर रखें।
- जब आप बच्चे का डायपर बदल रहे हो तो उसे खेलने के लिए खिलौने दें।
- डाइपर को शरीर पर थोड़ा ढीला कर बांधें, ताकि उसकी त्वचा पर निशान न बनें।

इन उपायों को अपनाकर आप आसानी से बच्चे के डायपर को बदल सकते हैं।



# हर दिन बस 15 सेकेंड बजाएं ताली...



**किसी** भी मौके पर ताली बजाना हम सब की जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ताली बजाने से शरीर के रोगों को भी दूर भगाया जा सकता है। दिन में सिर्फ 15 सेकेंड ताली बजाने व तलवों को नियमित रूप से पत्थर से रगड़ने से व्यक्ति खुद को रोगमुक्त रख सकता है।

## ऐसे दूर होती हैं बीमारियां

व्यक्ति की हथेलियों व तलवों में शरीर के सभी अंगों के बिंदु होते हैं, जिन्हें दबाकर कई तरह के रोगों को दूर किया जा सकता है। जब हम ताली बजाते हैं तो हमारे शरीर का तापमान बढ़ने लगता है जिससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। इसके अलावा अंगूठे के नीचे का स्थान दबने से रक्त की थैलियां खून को विपरीत दिशा में संचारित करती हैं जिससे धमनियों में किसी भी प्रकार की रुकावट दूर होती है। हृदय संबंधी परेशानियों में लाभ मिलता है। इससे पूरे शरीर में कंपन होता है व वात, पित्त और कफ का संतुलन बना रहता है। इसी तरह पैर के तलवों को पत्थर से थोड़ी देर रगड़ने पर एक्यूप्रेशर पॉइंट्स में दबाव बनता है जो कई रोगों से मुक्ति दिलाता है। इस उपचार में किसी प्रकार का कोई खर्च भी नहीं होता।



## ऐसे बजाएं ताली

सीधे हाथ की पहली अंगुली यानी तर्जनी को दूसरे हाथ की हथेली पर चार बार जोर-जोर से चोट करें। उसके बाद तर्जनी व मध्यम दोनों को साथ में लेकर चार बार ऐसा करें। इसी प्रकार तीन अंगुलियों को साथ में लेकर फिर चारों अंगुलियों को मिलाकर ऐसा करें, अंत में दोनों हाथों से ताली बजाएं। इस दौरान आंखों को बंद रखें।

ताली बजाने के बाद दोनों हाथ गर्म व ऊर्जावान हो जाते हैं। ऐसे में ताली बजाने के बाद गहरी सांस भरते हुए मध्यम अंगुली से आंखों को छूते हुए हाथ धीरे-धीरे नीचे की ओर ले जाएं। ऐसा करने से आंखों व चेहरे पर चमक बढ़ती है।

## इसलिए 15 सेकंड जरूरी

15 सेकंड की ताली की ऊर्जा रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत कर देती है जिससे शरीर को तमाम रोगों से लड़ने में मदद मिलती है।

## ध्यान रहे

ताली बजाने के भी कुछ नियम होते हैं। हमेशा आसन पर खड़े होकर या पैरों में जूते पहनकर ही ताली बजाएं। जमीन पर नंगे पैर ऐसा करने से शरीर में उत्पन्न ऊर्जा जमीन में समाकर नष्ट हो जाती है। कई बार ताली बजाने से हाथों के फटने की समस्या होने लगती है इससे बचने के लिए हाथों में सरसों, नारियल या कोई अन्य तेल लगा सकते हैं।



# इस फल के फायदे एक से बढ़कर एक



**नाशपाती** से रोगों से दूर रहा जा सकता है। इसमें विटामिन्स, खनिज, एंजाइम और फाइबर खूब पाया जाता है। एंटीऑक्सीडेंट गुण खूब होते हैं। नाशपाती में मौजूद पैक्टिन नामक घुलनशील फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है। आयुर्वेद के अनुसार नाशपाती पचने में हल्की, रोगी को जल्दी ऊर्जा देने वाली, प्यास बुझाने वाली और त्रिदोष नाशक है। इसमें हाइड्रोऑक्सीनॉमिक एसिड होता है जो पेट के कैंसर को रोकने में मदद करता है। फाइबर पेट के कैंसर को बढ़ने से रोकता है व बड़ी आंत को ठीक रखता है। इसमें मौजूद फोलिक एसिड (फोलेट) गर्भवती महिलाओं के शिशुओं में न्यूरल ट्यूब दोष से बचाता है।



यह आयरन का अच्छा स्रोत है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है। एक गिलास नाशपाती का रस पीने से बुखार में जल्द आराम मिलता है। यह झुर्रियां, मुहांसे और त्वचा संबंधी अन्य समस्याओं को रोकने में मदद करता है। नाशपाती के पत्रों को पीसकर त्वचा पर लगाने से त्वचा विकारों में लाभ होता है। नाशपाती में बोरोन तत्व होता है जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके सेवन से हार्ट स्ट्रोक का खतरा 50 फीसदी कम होता है व शरीर का ग्लूकोज ऊर्जा में बदल जाता है। इसमें विटामिन सी और तांबा पर्याप्त मात्रा में मिलता है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नाशपाती के नियमित सेवन से मोनोपॉज के बाद महिलाओं में होने वाले कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। मधुमेह रोगियों के लिए यह स्मार्ट नाश्ता है। इससे मीठा खाने की तलब में आराम मिलता है और पोषक तत्व भी मिल जाते हैं।

**ध्यान रखें:** नाशपाती को अच्छी तरह धो कर छिलके समेत चबा-चबा कर खाएं। जल्दबाजी में बिना चबाए इसे खाने से पेट में दर्द हो सकता है। देर से काट कर रखी नाशपाती नहीं खानी चाहिए।

## ये फायदे जानने के बाद आप भी छिदवा लेंगे कान



**आप** कान केवल फैशन के लिए छिदवाते रहे होंगे, लेकिन सेहत के लिए यह कितना बढ़िया है, आप नहीं जानते होंगे। कान छिदवाने से पीरियड्स प्रॉब्लम खत्म हो जाती है। प्रजनन क्षमता भी अच्छी होती है। कान छिदवाने से इन्फेक्शन, हाइड्रोसील और हर्निया की समस्या दूर होती है। कान छिदवाने से दिमाग का विकास भी होता है। हैरानी होगी आपको यह जानकर कि कान के दोनों ओर एक पॉइंट होता है जिसका संबंध दिमाग से होता है। एक्यूप्रेशर के इलाज में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे न केवल दिमागी विकास होता है, बल्कि याददाश्त भी बढ़ती है। कान के बीच का हिस्से का संबंध आंखों की रोशनी से भी होता है। ऐसे में आंखों की रोशनी बढ़ानी है, तो कान छिदवा लें। सुनने की क्षमता भी बढ़ती है। कान छिदवाने वाली जगह पर दो एक्यूप्रेशर पॉइंट होते हैं। पहला मास्टर सेंसोरियल और दूसरा मास्टर सेरेब्रल। ये सुनने की क्षमता सही रखते हैं। एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट्स की मानें तो टिटनस को दूर रखने के लिए भी कान छिदवाना बिल्कुल सही रहता है। हिस्टीरिया की समस्या को भी दूर रखता है। कान छिदवाने से तनाव, डिप्रेशन भी दूर होता है। डाइजेशन सिस्टम को ठीक रखना है, तो कान छिदवा लें। वजन घटाने का भी यह एक अच्छा विकल्प है। कान पर एक्यूप्रेशर पॉइंट होने के कारण दबाव पड़ता है, जिससे डाइजेस्टिव सिस्टम सही रहता है।

# बरगद के दूध में छिपे हैं बड़े गुण

वट वृक्ष (बरगद) की तासीर ठंडी होती है जो कफ, पित्त की समस्या को दूर कर रोगों का नाश करती है। बुखार, स्त्री रोग संबंधी समस्याएं, उल्टी व त्वचा के रोगों में वट वृक्ष के पत्तों, जड़ों और दूध का प्रयोग फायदेमंद होता है।

## पत्ते हैं उपयोगी



वट की कोपलें चेहरे की कांति बढ़ाने का काम करती हैं। बरगद की जड़ों में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसकी ताजी जड़ों को कुचल कर चेहरे पर लगाएं। झुर्रियां कम हो जाएंगी। इसके पत्तों को तवे पर सेककर सहने योग्य स्थिति में फोड़ों के ऊपर बांधने से लाभ मिलता है। इसके पत्तों की लुग्दी बनाकर शहद और शक्कर के साथ लेने से नकसीर की समस्या में आराम मिलता है। वट के बीजों को पीसकर पीने से उल्टी आने की समस्या दूर होती है।

## दूध भी गुणकारी

जिस दांत में कीड़ा लग गया हो वहां इसके दूध में भीगा फोहा रखने से लाभ होता है। लगभग 10 ग्राम बरगद की छाल, कत्था और 2 ग्राम काली मिर्च बारीक पीसकर पाउडर बना लें। यह मंजन करने पर दांतों का हिलना, सड़न, बदबू दूर हो जाती है। वट का दूध, शक्कर के साथ लेने से बवासीर में लाभ होता है। वट का दूध लगाने से सूजन कम हो जाती है। वट के दूध का लेप कमर पर करने से दर्द में लाभ होता है। फटी पड़ी एड़ियों पर बरगद का दूध लगाया जाए, तो काफी राहत मिलती है। बरगद की ताजा कोमल पत्तियों का पाउडर बनाकर खाने से मेमोरी अच्छी होती है। इसके पत्तों की राख को अलसी के तेल में मिला कर लगाने से सिर के बाल उग आते हैं। इसके कोमल पत्तों को तेल में पकाकर लगाने से सभी केश के विकार दूर होते हैं। जले हुए स्थान पर इसके कोमल पत्तों को पीसकर दही में मिलाकर लगाने से शान्ति प्राप्त होती है।



# वर्कआउट के लिए सही कपड़े



**आप** फिट रहने के लिए क्या कुछ नहीं करते। जिम में कई घंटों तक पसीना बहाते हैं, लेकिन सही एक्सरसाइज के साथ ही वर्कआउट के लिए सही कपड़ों का चुनाव भी बहुत जरूरी है। तभी आप आराम से एक्सरसाइज कर पाएंगे और दूसरों के सामने असहजता या शर्मिंदगी से भी बच सकेंगे।

## कैसी हो फिटिंग

एक्सरसाइज टाइप के मुताबिक ही आपके कपड़ों की फिटिंग होनी चाहिए। जैसे हैवी एक्सरसाइज या उपकरणों के साथ कसरत करते वक्त थोड़े ढीले और कंफर्टेबल शॉर्ट/लोवर के साथ टी-शर्ट पहन सकते हैं, लेकिन योगा या पिलाटे जैसी वर्कआउट के लिए स्ट्रेचेबल और फिट आउटफिट पहनें। इनके लिए जिम पैंट्स या योगा पैंट्स पहनें। हर मौसम में एक्सरसाइज के लिए अलग तरह के कपड़े पहनें, ताकि मौसम की मार आपकी सेहत पर न पड़े।

## बॉडी के हिसाब से

अकसर लोगों को जिम में पसीने की बदबू परेशान करती है, जिससे छुटकारा पाने के लिए वे सुगंधित परफ्यूम और लोशन का इस्तेमाल करते हैं। वर्कआउट करते समय जब आपकी बॉडी में गर्मी पैदा होने लगती है और पसीना आता है तो तेज सुगंध वाले परफ्यूम का अरोमा और बढ़ जाता है। जिम में लोशन का इस्तेमाल करने से बचें। लोशन लगाने से पसीना आने पर आपके हाथ चिपचिपे हो जाते हैं, जिससे कुछ समय बाद ही जिम में वर्कआउट करने में मुश्किल होती है और यह सिर्फ आपके लिए ही नहीं बल्कि दूसरों के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है। कहने का मतलब है कि वर्कआउट करते समय आपके हाथ जगह जगह लगते हैं जिससे आपके द्वारा पकड़ी गई हर चीज चिपचिपी हो जाती है। आपके चेहरे पर लगा लोशन पसीने के साथ बहकर आंखों में जलन पैदा कर सकता है इसलिए यदि लोशन या परफ्यूम लगाना ही चाहते हैं तो उसकी गंध तीव्र न हो।

## कैसा हो रंग

नियोन रंग के कपड़े सुंदर लगते हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि यह आप पर फबे। हमेशा गाढ़े रंग के कपड़ों का ही चुनाव करें। ऐसे स्पोर्ट्स शूज चुनें जो वर्कआउट करते समय पैरों के लिए सुरक्षित हों। इसके अलावा रनर्स अपने लिए स्पेशल शूज चुन सकते हैं। जूतों का सोल घिसने से पहले उसे रिजेक्ट कर दें वरना आपके ज्वाइंट डेमेज हो सकते हैं। आप जिम जाने के लिए छोटी स्लिव्स वाले टॉप पहन सकते हैं जो टाइट न हो। कंधों को कवर करने वाले कपड़े पहने, जो ज्यादा टाइट न हों। ढीले-ढाले कपड़े पहनकर आप आसानी से न केवल अपने हाथों को मोड़ सकते हैं, आपको वेट-लिफ्टिंग में भी कोई परेशानी नहीं होती।

## कॉटन के कपड़े

खुद को कूल रखने के लिए कॉटन के कपड़े चुनें। एक्सपर्ट आपको उन कॉटन के कपड़ों को चुनने की सलाह देते हैं जो लाइकरा या पॉलिएस्टर से बने होते हैं। यदि आप स्पेंडेक्स को पहनकर कम्फर्टेबल फील करते हैं तो जिम वियर के लिए स्पेंडेक्स बहुत ही बढ़िया चुनाव है। अगर आपको ज्यादा पसीना नहीं आता तो आप कॉटन के कपड़े पहन सकते हैं क्योंकि गीले होने पर वह बदन में चिपकते नहीं हैं।



## रेसिपी

### पुदीना पूरी



**सामग्री**

1/2 कप बारीक कटे हुए पुदीने के पत्ते
1 कप गेहूं का आटा
1 टेबल-स्पून तेल
1/2 टी-स्पून

**विधि**

पुदीने की पत्तियों को धोकर बारीक काट लें। पुदीना की पूड़ी बनाने के लिए सबसे पहले गेंहू के आटे को एक बड़े बाउल में छानकर निकाल लें और छने हुए आटे में कटी हुई पुदीना की पत्तियां, अजवाइन, जीरा, बेकिंग सोड़ा, कटी हुई हरी मिर्च और नमक डालकर थोड़े-थोड़े पानी से कड़ा पूड़ी जैसा आटा गूंध लें और अब आटे को ढ़ककर करीब 10 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद गैस पर कड़ाही में तेल डालकर गरम करने के लिए रख दें। आटे से छोटी-छोटी लोइयां बना लें और अब प्रत्येक लोई को गोल पूड़ी के आकार में बेल लें। जब तेल अच्छी तरह से गरम हो जाए तब एक- एक पूड़ी को गरम तेल में डालकर दोनों तरफ पलट कर डीप फ्राई करके नैपकीन पेपर पर निकाल लें, इसी तरह से सभी पुदीना पूड़ियों को तलकर तैयार कर लें। स्वादिष्ट पुदीना की पूड़ी बनकर तैयार हो गई है। अब आप इसे आलू की सब्जी या फिर दही और आचार के साथ खा सकते हैं।

### पनीर पालक मेथी



**सामग्री**

पालक - 250 ग्राम (बारीक कटी हुई), मेथी - 250 ग्राम (बारीक कटी हुई), पनीर - 250 ग्राम, तेल - 2-3 टेबल स्पून, हींग - 1 चुटकी, जीरा - आधा छोटा चम्मच, हल्दी पाउडर - चौथाई छोटा चम्मच, धनियां पाउडर - 1 छोटा चम्मच, टमाटर - 1 (बारीक कटा हुआ), लाल मिर्च पाउडर - चौथाई छोटा चम्मच, हरी मिर्च - 2 (बारीक कटी हुई), नमक - 3/4 छोटी चम्मच या स्वादानुसार चीनी - आधा छोटा चम्मच (यदि आप चाहें)

**विधि**

पनीर को 1-1 इंच के चौकोर टुकड़ों में काट लीजिए। पैन में 2 टेबल स्पून तेल डालकर गरम कीजिए। तेल गरम होने पर पनीर के टुकड़े इसमें डाल दीजिए और दोनों और से हल्के ब्राउन होने तक सेक लीजिए। सिके हुए पनीर के टुकड़ों को प्लेट मे निकाल लीजिए। पैन में तेल बचा है, 1 टेबल स्पून तेल और डाल दीजिए, गरम तेल में जीरा डाल दीजिए। जीरा भूनने पर इसमें हींग, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, धनियां पाउडर, बारीक कटे हुए टमाटर डाल कर, मसाले को थोड़ा सा भून लीजिए। भुने मसाले में बारीक कटी हुई मेथी, बारीक कटी हुई पालक, नमक, लाल मिर्च पाउडर और चीनी डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लीजिए। सब्जी को मीडियम आग पर ढ़ककर के 5 मिनट के लिए पकने दीजिए और उसके बाद चैक कीजिए। सब्जी पक चुकी है, इसमें पनीर के टुकड़े डालकर अच्छे से मिक्स कर लीजिए। सब्जी को एक बार फिर ढ़ककर के 2-3 मिनट के लिए धीमी आग पर पकने दीजिए। पनीर मेथी पालक सब्जी बनकर तैयार है, इसे प्याले में निकाल लीजिए। सब्जी को आप परांठे, चपाती, नॉन या चावल किसी के भी साथ भी खा सकते हैं।

# इस आश्रम में आते हैं सबसे ज्यादा अमेरिकी



**पिछले** दिनों अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भारत में एक मंदिर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि वे एप्पल के फाउंडर स्टीव जॉब्स की सलाह पर भारत के इस मंदिर में गए थे। जुकरबर्ग ने इस मंदिर का नाम नहीं बताया था लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मंदिर नैनीताल के पास पंत नगर में बाबा नीम करौली के आश्रम में ही था। इसी आश्रम में 1974 में स्टीव जॉब्स आए थे। नीम करोली बाबा का कैंची धाम आश्रम नैनीताल से 20 किलोमीटर दूर नैनीताल-अलमोड़ा रोड़ पर समुद्र तल से 1400 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। 10 सितम्बर 1973 में वृन्दावन की पावन भूमि पर नीम करौली बाबा का निधन हो गया लेकिन कैंची धाम आश्रम में अब भी विदेशी आते रहते हैं। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा अमेरिकी ही इस आश्रम में आते हैं। आश्रम पहाड़ी इलाके में देवदार के पेड़ों के बीच है। नीम करौली बाबा के कैंची धाम आश्रम की भौगेलिक स्थिति पूर्णतः वास्तुनुकूल है, क्योंकि आश्रम की दक्षिण एवं पश्चिम दिशा में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ है और जहां आश्रम बना है उसकी उत्तर एवं पूर्व दिशा में पहाड़ों के तीखे ढलान के कारण बहुत नीचाई है। पहाड़ की इस नीचाई के बाद उत्तर एवं पूर्व दिशा में ही क्षिप्रा नदी भी बह रही है। फेंगशुई का एक सिद्धांत है कि, यदि पहाड़ के मध्य में कोई भवन बना हो, जिसके पीछे पहाड़ की ऊंचाई हो, आगे की तरफ पहाड़ की ढलान हो, और ढलान के बाद पानी का झरना, कुण्ड, तालाब, नदी इत्यादि हो, ऐसा भवन प्रसिद्धि पाता है और सदियों तक बना रहता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**